आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 01.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करेंगे।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से जारी। आज देर शाम तक पूरे नतीजे घोषित कर दिए जाएँगे।
- देश में रोज़गार बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार आज से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने जा रही है।
- प्रदेश में 5 अगस्त तक हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी। रुद्रप्रयाग ज़िले में गौरीकुंड से सोनप्रयाग तक अवरुद्ध मार्ग को खोलने का प्रयास जारी।

पीएम—किसान योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। योजना के तहत देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे बीस हजार 500 सौ करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इससे इस योजना के तहत कुल वितरण 3 लाख 90 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा।

त्रिस्तरीय पंचायत परिणाम

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से चल रही है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, अब तक प्रधान ग्राम पंचायत के 7 हजार 4 सौ 69 पदों, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 2 हजार 9 सौ 66 पदों और जिला पंचायत सदस्य के 3 सौ 51 पदों के परिणाम घोषित हो चुके हैं। मतगणना अभी भी जारी है। आयोग के अनुसार आज शाम तक पूरे नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे।

ऋषिकेश—कर्णप्रयाग रेल लाइन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में ऋषिकेश—कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना पर आधुनिक मशीनों की मदद से तेज गति से निर्माण कार्य चल रहा है।

125 किलोमीटर से अधिक लंबी इस रेल लाइन पर 12 नए स्टेशनों का निर्माण कार्य किया जाना है, जो गढ़वाल मंडल के पांच जिलों को आपस में जोड़ेंगे। इस परियोजना में 105 किमी लंबी 16 मुख्य सुरंग और 98 किमी लंबी 12 एस्केप सुरंग का निर्माण शामिल है। इस रेल लाइन के निर्माण से पर्यटन को नए आयाम मिलने के साथ ही स्थानीय लोगों की आर्थिकी में भी अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन उत्तराखंड प्रदर्शन/लोकसभा उत्तर

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता और पारिस्थितिक सुधार के लिए चल रहे प्रयासों में उत्तराखंड का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। लोक सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने जानकारी दी कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराखंड, गंगा के प्रदूषित क्षेत्रों में शामिल नहीं है। राज्य में गंगा नदी की जैविक ऑक्सीजन मांग 3 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम दर्ज की गई है, जो नदी के जल की बेहतर गुणवत्ता को दर्शाता है।

उन्होंने यह भी बताया कि गंगा नदी में जैव विविधता के संरक्षण के लिए भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संस्थान ने राज्य वन विभाग के सहयोग से डॉल्फ़िन, ऊदबिलाव, हिल्सा, कछुए और घड़ियाल जैसी जलीय प्रजातियों के संरक्षण, बचाव और पुनर्वास कार्यक्रम को वैज्ञानिक ढंग से लागू किया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप नदी की जैव विविधता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

स्वतन्त्रता दिवस की तैयारी

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस की भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने अधिकारियों को पूरे राज्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए निर्मित अमृत सरोवरों में ध्वजारोहण तथा एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इस संबंध में देहरादून में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि हमें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी की सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को शामिल करने के लिए श्रम विभाग को भी आगे आना होगा।

इस दौरान श्री बर्द्धन ने स्वतंत्रता दिवस पर राज्य और जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही रक्तदान शिविर, साहसिक गतिविधियां, मैराथन, साइकिल रैली जैसे विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया।

## नए नियम

नए माह की नई शुरुआत के साथ कई अहम बदलाव भी दस्तक दे रहे हैं, जो आम लोगों के लिए राहत लेकर आएंगे। यूपीआई में बैलेंस चेक और लेन–देन की सुविधा को और भी बेहतर बनाया गया है। अब हर बार पैसे भेजते समय रकम लेने वाले का नाम दिखेगा, जिससे गलत भुगतान से बचा जा सकेगा।

वहीं ऑटोपे सुबह 10 बजे से पहले, दोपहर 1 से 5 बजे के बीच और रात साढे नौ बजे के बाद होगा। साथ ही यूपीआई भुगतान असफल हो जाता है तो उसका स्टेटस चेक करने के लिए सिर्फ तीन मौके मिलेंगे। हर कोशिश के बीच 90 सेकंड का इंतजार करना होगा।

इसके अलावा ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 33.50 रुपये की कटौती की है। ये बदलाव निश्चित रूप से लोगों की जेब पर बोझ कम करेंगे और सुविधा बढ़ाएंगे। अब सरकारी बैंकों को बिना दावे वाले शेयरों, ब्याज और बॉन्ड राशि को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने की मंजूरी होगी।

## विकसित भारत रोजगार योजना

देश में रोज़गार बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार आज से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना का उद्देश्य साढ़े तीन करोड़ से ज़्यादा रोज़गार सृजित करने के साथ ही रोज़गार प्रदाता कंपनियों और पहली बार नौकरी चाहने वालों को वित्तीय सहायता प्रदान करके औपचारिक रोज़गार को बढ़ाना है।

सरकार ने 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय बजट 2024–25 में इस योजना की घोषणा की थी और 1 जुलाई को कैबिनेट ने इसे मंज़ूरी दी थी।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत, सरकार उन कंपनियों और व्यवसायों को धन देगी जो ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को रोज़गार देंगे।

यह योजना ख़ास तौर पर युवाओं, लघु एवं मध्यम उद्यमों और विनिर्माण, सेवा एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार बढ़ाने पर केंद्रित है। यह योजना 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक चलेगी।

इसी क्रम में, उधम सिंह नगर के काशीपुर में योजना के प्रचार के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों कामगारों ने भाग लिया। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय आयुक्त और नोडल अधिकारी सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य नए रोजगार सृजन के साथ सामाजिक सुरक्षा है।

मौसम

मौसम विभाग ने 5 अगस्त तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और बागेश्वर ज़िलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि शेष ज़िलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। यह स्थिति कल भी बनी रहेगी।

आज राजधानी देहरादून में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं और रुक–रुक कर हल्की बूंदाबांदी हो रही है।

उधर, रुद्रप्रयाग ज़िले में गौरीकुंड से सोनप्रयाग तक अवरुद्ध मार्ग को खोलने का प्रयास जारी हैं। प्रशासन का कहना है कि रुक–रुक कर हो रही बारिश और इस स्थान पर लगातार मलबा व पत्थर गिरने के कारण मार्ग खोलने में कठिनाई हो रही है।

इस बीच, केदारनाथ धाम से लौट रहे तीर्थयात्रियों को सुरक्षा बलों द्वारा वैकल्पिक मार्गों से पार कराया जा रहा है।

विश्राम घर

सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने और ट्रक चालकों को लंबी यात्रा में विश्राम देने के उद्देश्य से शुरू की गई अपना घर योजना के अंतर्गत देशभर में बड़ी संख्या में विश्राम सुविधाएँ स्थापित की गई हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने कहा है कि इस वर्ष पहली जुलाई तक सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने राजमार्गों के किनारे खुदरा दुकानों पर कुल 368 अपना घर विश्राम सुविधाएँ स्थापित की हैं। कल लोकसभा में श्री गोपी ने कहा कि ट्रक चालकों ने इस पहल की काफी सराहना की है। राजमार्गों पर ट्रक चालकों के लिए अच्छी सुविधाएं नहीं होने के कारण अकसर उन्हें सड़क किनारे वाहन लगाकर ही सोना पड़ता था। इस योजना के अंतर्गत ट्रक चालक बहुत कम शुल्क देकर एयर कंडीशन कमरे में आराम कर सकते हैं।

कुलपति सम्मानित

अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट को भारत गौरव अवार्ड फाउंडेशन दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया है। फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक वर्ष संसदीय सेवा, सरकारी सेवा, शिक्षा, खेल, कला–संस्कृति, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, पत्रकारिता, विज्ञान एवं तकनीक औद्योगिक क्षेत्र, पर्यटन, समाज सेवा आदि क्षेत्रों में काम करने वाली विभूतियों को सम्मानित करता आया है। इस वर्ष 11 राज्यों के विशेष कार्य करने विभूतियों को सम्मान दिया गया है।